# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेडडी को इंडिया गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में आज श्री खरगे ने बताया कि श्री रेडडी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सभी दलों से श्री राधाकृष्णन का समर्थन करने का आग्रह किया है।

***हम चाहते हैं कि एक साथ मिलकर के उपराष्ट्रपति जी के चुनाव में सर्वसम्मति से राधाकृष्णन जी का सपोर्ट करें तो हमारा लोकतंत्र के लिए भी, हमारा देश के लिए भी और राज्यसभा को संचालन करने में भी बहुत उपयोगी होगी तो पार्लियामेंट्री पार्टी की बैठक में सब पार्टी ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी को भी धन्यवाद दिया कि बहुत ही अच्छा इंसान को उपराष्ट्रपति जी का चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में उतारा गया है।***

उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितम्बर को होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आज लखनऊ में प्रदेश सरकार और द फॉरेन कामनवेल्थ एण्ड डेवलपमेंट आफिस–युनाइटे किंगडम के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता करार हुआ। इसके अन्तर्गत चिवनिंग–भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छावृत्ति योजना शुरू की गयी है। इस योजना में प्रतिवर्ष प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को युनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिये छात्रवृत्ति दी जायेगी। समझौता करार के अवसर पर भारत में ब्रिटिश दूतावास की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने कहा कि यह समझौता युनाइटेड किंगडम और भारत के बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है।

**********

राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान लखनऊ में साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर तीन दिवसीय इंटरनेशनल समिट के दूसरे दिन आज साइबर अपराध की रोकथाम के लिये विशेषज्ञों ने विचार मंथन किया। इस अवसर पर साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने कहा कि ज्यादातर साइबर अपराध क्रिप्टो प्लेटफार्मों पर शिफ्ट हो गये हैं और इससे निपटने के लिये सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। समिट के एक अन्य सत्र में न्यायिक प्रक्रिया में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका पर चर्चा की गयी। इस समिट का शुभारम्भ कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था।

**********

राज्य के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये अभी पर्याप्त अवसर बाकी है। चार सौ बयालीस संस्थानों की डेढ़ लाख से अधिक सीटों में से अभी भी करीब नब्बे हजार सीटें रिक्त हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने पॉलिटेक्निक प्रवेश के लिये पन्द्रह सितम्बर अन्तिम समय–सीमा तय की है। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश के पालिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए अभी 21 अगस्त तक पाचवें चरण कि काउंसलिंग चलेगी। इसके बाद छटे चरण की काउंसलिंग 22 अगस्त से और सातवें चरण की काउंसलिंग 6 सितम्बर से होगी। काउंसलिंग के बाद भी यह सिटें खाली रहती है तो संस्थानों को इस बार काउंसलिंग के जरये प्रवेश देने का मोका मिलेगा। आकाश वाणी कक्ष से मै रितेश।***

**********

प्रदेश के कृषि विभाग ने महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल कुशीनगर का भवन निर्माण पूरा होने तक क्षेत्र में स्थित गन्ना अनुसंधान के भवन में कक्षाओं का संचालन शुरू करने की योजना बनायी है। विश्वविद्यालय संचालन के लिये कुलपति सहित छः पदों का सृजन किया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज आठ हजार तीन सौ सात दशमल सात चार करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से ओडिशा में हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर सिक्स–लेन कैपिटल रीजन रिंग रोड के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस समिति ने एक हजार पांच सौ सात करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले राजस्थान के कोटा–बूंदी में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा विकसित करने के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया है। कोटा भारत के शैक्षिक कोचिंग केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है।

**********

एक जिला एक उत्पाद– ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में अब बलिया के ओडीओपी उत्पाद सत्तू को भी विक्रय के लिए रखा जाएगा। वाराणसी के कैंटोनमेंट स्थित प्रधान डाकघर में वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार ने आज इसकी बिक्री के लिए अधिकृत काउंटर की शुरुआत की। बलिया का सत्तू अभी वाराणसी परिक्षेत्र के 100 डाकघरों में विक्रय के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए एक निजी कंपनी से करार किया गया है जो उत्पाद को उपलब्ध कराएगी। मांग बढ़ने पर इसकी बिक्री बढ़ाई जाएगी।

**********